आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.06.2024/प्रादेशिक समाचार/18:00 बजे

प्रधानमंत्री– वापसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली से आज सवेरे नई दिल्ली वापस आ गए हैं। प्रधानमंत्री ने इस यात्रा को सार्थक बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण जी–7 शिखर सम्मेलन था, जहां उन्होंने विश्व मंच पर भारत के
दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा में जी–7 संगठन के अतर्गत प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी प्रगाढ हुई है। प्रधानमंत्री ने यात्रा के दौरान जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। नरेन्द्र मोदी ने इटली के अपुलिया में जी–7 शिखर सम्मेलन में संपक सत्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहा है।

नामांकन

हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए 21 जून तक नामांकन भरे जा रहे हैं। नामांकन पत्र भरने के दूसरे दिन आज भी तीनों विधानसभा क्षेत्रों में किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा नहीं भरा है। भाजपा ने जहां अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है वहीं कांग्रेस पार्टी भी प्रत्याशियों के चयन के लिए मंथन कर रही है। हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा 18 जून, नालागढ़ से पार्टी प्रत्याशी के.एल. ठाकुर 20 जून जबकि देहरा से प्रत्याशी होशियार सिंह 21 जून को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इन नामांकन पत्रों की जांच 24 जून को की जाएगी जबकि इच्छुक प्रत्याशी 26 जून तक अपने नामांकन वापिस ले सकेंगे। मतदान 10 जुलाई को होगा जबकि मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी।

ग्रीष्मोत्सव

शिमला का अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल अब कुछ देर बाद शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर ग्रीष्मोत्सव का शुभारंभ करेंगे। ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में आज प्रदेश के प्रसिद्ध लोक गायक कुलदीप शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। ग्रीष्मोत्सव के दूसरे दिन कल 16 जून को प्रसिद्ध पार्श्व गायक बॉलीवुड गायक साज भट्ट लोगों का मनोरंजन करेंगे। तीसरी संध्या में पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अययर जबकि आखिरी सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध पंजाबी गायक दिलेर मेहंदी लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा हिमाचली सहित अन्य राज्यों के कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ग्रीष्मोत्सव के दौरान खेल गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 16 जून को सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। आयोग ने सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटे पहले अपने संबंधित परीक्षा केन्द्रों में पहुंचने को कहा गया है। राज्य लोक सेवा आयोग की अतिरिक्त सचिव सुषमा वत्स ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग के दिशानिर्देशों के मुताबिक सभी अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र आयोग की वैबसाइट से डाउनलोड करने होंगे और उनको अपनी वही फोटो साथ लानी होगी जो उन्होंने ऑनलाइन आवेदन के साथ लगाई है।

फीस

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कहा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों को सभी निरस्त दाखिलों या माइग्रेशन के मामले में 30 सितंबर तक पूरी फीस लौटानी होगी। आयोग की यह नीति चालू शिक्षा सत्र के लिए है। आयोग ने यह कदम दाखिला रद्द करने या नाम वापस लेने पर फीस लौटाने के संबंध में छात्रों और अभिभावकों की शिकायतों को देखते हुए उठाया है। यह नीति केंद्रीय या राज्य अधिनियमों के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थानों, आयोग से मान्यता–प्राप्त संस्थानों, सम–विश्वविद्यालयों और दाखिला परामर्श में शामिल संगठनों पर लागू रहेगी।

मेधा प्रोत्साहन

प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने वर्ष 2024–25 के लिए शैक्षणिक सत्र 2023–24 के आधार पर मेधा प्रोत्साहन योजना के तहत 23 जून तक मेधावी विद्यार्थियों से आवेदन मांगे हैं। विभाग के निदेशक डॉक्टर अमरजीत शर्मा ने शिमला में कहा कि प्रदेश व प्रदेश से बाहर के पात्र संस्थानों से सी.एल.ए.टी., नीट, आई.आई.टी.–जे.ई.–ए.एफ.एम.सी–एन.डी.ए. व यू.पी.एम.सी.–एस.एस.सी., बैंकिंग, इंश्योरेंस और रेलवे जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए इस योजना के तहत प्रदेश सरकार अधिकतम एक लाख रूपए की वित्तीय सहायता देगी। उन्होंने कहा कि 12वीं के 2 सौ 80 और स्नातक स्तर के एक सौ 20 अभ्यार्थियों का इस योजना के तहत चयन किया जाएगा।